हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 अधिकारी किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे बताएं : अबिनाश



12 लोकल बाड़ियों से हो रही हरी सब्जियों की बंपर आवक





## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक 10 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 10 सितंबर बुधवार को 12 बजे से रखी गई है। नये सदस्यों, जन्मदिन वालों का सम्मान एवं मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य ने की है।

### लड़ेर में रामधुनी 13 से

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में ग्रामवासियों के सहयोग से पितृपक्ष में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता 13, 14, 15 सितम्बर को रखी गई है। कार्यक्रम में 20 व्याख्याति प्राप्त रामधुनी मंडली राम नाम का गुणगान करेगी। यह जानकारी मोतीराम निषाद, लक्ष्मण निषाद, दीपक निषाद, विष्णु निषाद ने दी है।

### परसुली में 11 को भूमिपूजन

**धमतरी।** ग्राम परसुली में 11 सितंबर को निषाद समाज भवन में शेड व अहाता निर्माण तथा समग्र योजना अंतर्गत माता तालाब में सीसी रोड भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक होंगे। अध्यक्षता मोनिका देवांगन सभापति महिला बाल विकास विभाग जिला पंचायत करेंगी। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य, हरीश चंद्राकर कांग्रेस जोन अध्यक्ष, प्रेमू चंद्रवंशी सरपंच, तोमेश्वर निषाद अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, धनसाय साहू पूर्व सरपंच, उपसरपंच घनश्याम बांधे होंगे। यह जानकारी निषाद समाज के अध्यक्ष महेश निषाद व सचिव चित्रसेन निषाद ने दी।

### खरेंगा में 23 से नाचा सम्मेलन

**धमतरी।** नव जागरण दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक खरेंगा में इस वर्ष भी 23 सितंबर से लेकर 29 सितंबर तक नाचा सम्मेलन आयोजन किया गया है। हाटचरोदा रायपुर, पचपेड़ी मोखा, चिखली बांधाबाजार मोहला, भोथीडीही चंपारण पहंदा, जुन्नापानी बालोद, भुरसातरहुल भानुप्रतापपुर, तिलईखार राजनांदगांव आदि गांव के नाचा कलाकारों की प्रस्तुति होगी। प्रथम दिन की शुरूआत खरेंगा की मंडली द्वारा महिषासुर, बाली वध जस गीत से होगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रामखिलावन साहू व ओंकार साहू ने दी।

### दुगली में वनग्रामों की समस्या पर 9 को बैठक

**धमतरी।** जिले के 110 वनग्रामों के जिला स्तरीय संगठन की बैठक दुगली के बहारराय मंदिर प्रांगण में 9 सितंम्बर को दोपहर 12 बजे रखी गई है। बैठक में एग्रीस्टेक आईडी कार्ड एवं वनग्रामों की राजस्व आनलाइन भुइयां पोर्टल पर रिकार्ड से संबंधित चर्चा की जायेगी। बैठक जिला अध्यक्ष बंशीलाल सोरी के निर्देश पर रखी गई है। यह जानकारी वनग्राम संघर्ष समिति के जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ने दी है।

विजन 2030 के तहत आदि कर्मयोगी अभियान का आगाज

# चार साल में आदिवासी बाहुल्य गांवों की बदल जाएगी सूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनजातीय समाज को मजबूती देने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान का आगाज किया गया। नगरी जनपद पंचायत के गुहाननाला पंचायत के आश्रित ग्राम सरईटोला रैयत में शनिवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रशिक्षण एवं पीआरए गतिविधि का शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के साथ गांव का भ्रमण करते हुए अधिकारियों ने ग्राम विकास की संभावनाओं का जायजा लिया।

चार साल में जिले के सभी आदिवासी बाहुल्य गांवों एक विकसित गांव बनाने का लक्ष्य रखा गया है। विजन 2030 के तहत आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की गई है। कलेक्टर अबिनाश मिश्र एवं जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत नगरी विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य गांवों के विकास पर फोकस किया जा रहा है। इस अभियान के लिए गांवों का चयन किया गया है। अभियान के पहले चरण में चयनित ग्राम पंचायतों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके बाद आदि साथी और आदि सहयोगी का पैनल तैयार कर उनकी तैनाती ग्राम स्तर पर होगी। योजनाओं का डिजिटल पंजीयन किया जाएगा साथ ही ग्राम स्तरीय जागरूकता शिविर भी लगाया जाएगा। इस अभियान के तहत चयनित गांवों के लिए विजन 2030 डाक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। इसी डाक्यूमेंट के तहत गांवों का सर्वांगीण विकास किया जाना है।





### डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़ेंगे गांव

अभियान का लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्राम को सशक्त, आत्मनिर्भर और समग्र विकास की ओर अग्रसर किया जाए। इसमें ग्राम पंचायत सचिवों, स्वयंसेवकों और स्थानीय समुदाय की भूमिका अहम होगी। संपूर्ण योजना को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, ताकि हर ग्रामीण को सूचना, सेवाएं और योजनाएं एक ही स्थान पर मिल सके।

### सरईटोला में शुभारंभ

गुहाननाला पंचायत के आश्रित ग्राम सरईटोला रैयत में शनिवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रशिक्षण एवं पीआरए गतिविधि का शुभारंभ किया गया। सरपंच एवं विभागीय अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की पूजा की इस अभियान की शुरूआत की। ग्रामस्तर पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान अधिकारियों ने ग्राम परिवेश का निरीक्षण किया, ताकि गांव के विकास हेतु समेकित योजना ग्रामीणों के साथ मिलकर तैयार की जा सके। गांव के प्राथमिक विद्यालय, सड़क, पूजा स्थल का निरीक्षण किया एवं योजना के तहत इन स्थलों को डेवलप करने का आश्वासन दिया। प्रदान संस्था एवं जिले के मास्टर ट्रेनर द्वारा ग्रामीणों एवं विभिन्न पंचायत के सरपंच, सचिवों को आदि कर्मयोगी अभियान के विषय के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी, जनपद सदस्य कलावती मरकाम, सरपंच मानकी बाई, परियोजना प्रशासक प्रज्ञान सेठ, सहायक आयुक्त विमल साहू, एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद सीईओ रोहित बोरझा, प्रदान संस्था से शिवम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## तलाकशुदा महिला का शोषण, आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी।** शादी का झांसा देकर तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में महिला ने केरेगांव थाना क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया है।

केरेगांव थाना से मिली जानकारी के अनुसार एक पीड़िता ने लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है कि प्रायवेट काम के सिलसिले में उसका कांटाकुर्रीडीह में आना जाना लगा रहता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात जरहाखार कांटाकुर्रीडीह निवासी वेदराम मंडावी उम्र 33 वर्ष से हुई। दोनों ने जान पहचान बढ़ी। इस दौरान आरोपी ने प्रार्थिया को तलाकशुदा जानते हुए, उसका फायदा उठाकर शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए, जिससे



प्रार्थिया 7 माह कि गर्भवती हो गई। प्रार्थिया ने जब आरोपी से शादी के लिए बोली तो शादी करने के लिए मना कर दिया। परेशान होकर उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए थाना केरेगांव में आरोपी के खिलाफ धारा 69 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## भानपुरी हत्याकांड : दो और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

- कुल आठ आरोपियों ने दिया था घटना को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भानपुरी हत्याकांड व लूट को 6 आरोपियों ने नहीं बल्कि 8 आरोपियों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने इस घटना के दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी 8 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। घटना में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी एवं मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है।

भानपुरी में एक किसान के घर लूट और हत्या की वारदात ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। बदमाशों की दहशत ऐसी है कि लोग न तो घर में सुरक्षित हैं और न ही बाहर में। घटना एक सप्ताह पहले की है। ग्राम भानपुरी निवासी कृतराम



साहू रोज की तरह खा पीकर घर में सो रहे थे। रात के लगभग 2 बजे तीन अज्ञात आरोपी घर में घुसे, जिन्होंने मृतक एवं उनकी पत्नी को बंधक बनाकर अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात, 5 हजार रूपये, नकद एवं मोबाइल फोन लूट लिया। आरोपियों को कृतराम के घर में 50 लाख रुपए होने की सूचना मिली थी। लूट की प्लानिंग इसी 50 हजार रुपए के लिए बनी थी। इसलिए आरोपी लगातार कृतराम से इस रूपए के बारे में पूछते रहे। 50 लाख तो आरोपियों को नहीं मिले, लेकिन कृतराम ने लुटेरों का जोरदार विरोध किया। इसी से नाराज लुटेरों ने उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने जब जांच की तो आठ लुटेरे निकले जो कृतराम के घर लूट की नीयत से घुसे थे। लगातार पतासाजी, तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। जांच के दौरान दो अन्य आरोपी सहदेव राम रात्रे उम्र 30 वर्ष पिता शम्भूराम रात्रे और देवेन्द्र कुमार बघेल उम्र 22 वर्ष पिता पवन कुमार बघेल भी इस वारदात में संलिप्त पाए गए। दोनों आरोपी भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर के रहने वाले हैं, जो घटना के बाद फरार हो गए थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। आरोपी सहदेव राम रात्रे से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एएन 7442 और देवेन्द्र कुमार बघेल से घटना में प्रयुक्त 1 वीवो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। दोनों फरार आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1), 309(6), 310(3), 331(8), 49, 61, 238 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले धनराज यादव उम्र 22 वर्ष पिता दीपक यादव ग्राम भठेली, हुपेन्द्र बांधे उम्र 18 वर्ष 11 माह पिता दिनेश बांधे ग्राम भठेली, चेतन कुमार साहू उम्र 19 वर्ष पिता ढाल सिंह साहू ग्राम भठेली, कलेश्वर ध्रुव उम्र 22 वर्ष पिता गणेशु राम ध्रुव ग्राम कचना, हेमसागर मण्डावी उम्र 20 वर्ष पिता हेमंत कुमार मण्डावी ग्राम गुजरा हाल संतोषी नगर रायपुर और सोमप्रकाश देवांगन उम्र 36 वर्ष पिता कन्हैया लाल देवांगन ग्राम कुर्रा को गिरफ्तार किया गया था।

## देसी शराब की क्वालिटी पर उठा सवाल

- शीशी पैकिंग में गड़बड़ी से शराब प्रेमियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देसी शराब दुकान में मिलावट की आशंका जताते हुए लोगों ने जांच की मांग की है। यही नहीं शराब की पैकिंग में भी लापरवाही बरती जा रही है। इसे लेकर शराब प्रेमियों में नाराजगी है। उन्होंने इसकी शिकायत उच्चस्तर पर करने की तैयारी कर ली है।

धमतरी जिले में कुल 27 शराब दुकान हैं। इसमें से 11 शराब दुकान शहर एवं शहर के आउटर में है। सभी शराब दुकान आबकारी विभाग द्वारा संचालित है। इन दुकानों से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता है। इसके बाद भी इन दुकानों को सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। सुविधाएं तो दूर अब तो शराब की क्वालिटी पर सवाल उठ रहे हैं। शराबप्रेमी नवीन





कुमार ने बताया कि शनिवार को उसने सोरिद स्थित शराब दुकान से देसी मसाला का क्वाटर लिया। इस शराब की पैकिंग में गड़बड़ी निकली। बॉटल तो मसाला शराब की है, लेकिन ढक्कन प्लेन शराब का लगाया गया है। इससे उसे मिलावट का संदेह हुआ। उसने बॉटल को सुरक्षित रख लिया और इस मामले की खोजबीन में जुट गया तो पता चला कि एक नहीं कई बॉटल में इस प्रकार की गड़बड़ी है। उन्होंने सवाल उठाया है कि जब पैकिंग में लापरवाही है तो शराब की क्वालिटी कैसे ठीक हो सकती है। हर साल शराब दुकानों से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता है। सरकार कुछ सुविधाएं नहीं दे सकती है तो कम से कम शराब की क्वालिटी तो ठीक रखे।

### बदहाल है शराब दुकान

शहर में ऐसी जगहों पर शराब दुकानें हैं, जहां पर जाना खतरे से खाली नहीं है। औद्योगिक नगर स्थित देसी और विदेशी शराब दुकान जाने का रास्ता इतना खराब है कि 200 मीटर की दूरी तय करने में ही लोगों को 20 मिनट से ज्यादा समय लग जाता है। दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। यही स्थिति कलेक्ट्रोरेट रोड स्थित शराब दुकान, बठेना नहर स्थित शराब दुकान और दानीटोला स्थित देसी शराब दुकान की है।

## गंगरेल पर्यटन में ई-रिक्शा, गाइड की योजना ठंडे बस्ते में

- स्थानीय लोगों ने पर्यटन क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल पर्यटन का विकास करने जिला प्रशासन ने ठेमली आईलैंड को विकसित करने की कार्ययोजना बनाई है, वहीं स्थानीय लोगों ने पर्यटन क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने की मांग की है। रविवार को गंगरेल का मिनी गोवा गुलजार रहा। इधर चंद्रग्रहण का सूतक लगने से धार्मिक पर्यटन में सुस्ती छाई रही।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल पर्यटन में स्थानीय लोगों को रोजागर देने प्रशासन ने कई तरह की योजना बनाई लेकिन यह कागजों तक सीमित रह गई है। पूर्व सरपंच महेश सविता ने बताया कि कुछ साल पूर्व गंगरेल पर्यटन में ई- रिक्शा का संचालन तथा गाइड के लिए



### सूतक लगने से धार्मिक पर्यटन में छाई सुस्ती

गंगरेल बांध स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है। हर दिन यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। विशेष मन्नत देने वाले शुक्रवार तथा रविवार को बड़ी संख्या में आते हैं। पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि पितर पक्ष तथा नवरात्रि तक विशेष मन्नत पर प्रतिबंध रहता है। रविवार को चंद्रग्रहण का सूतक लगने के कारण धार्मिक पर्यटन के लिए श्रद्धालु की संख्या में कमी आई है। नवरात्रि में माता के दरबार में विदेशों में रहने वाले भारतीय लोगों की भी ज्योति प्रज्ज्वलित होती है।

पंचायत स्तर पर पत्र व्यवहार किया गया था, लेकिन यह योजना धरी की धरी रह गई है। तत्कालीन कलेक्टर ने डेम के रास्ते पुराने गार्डन तक ई-रिक्शा संचालन करने का निर्णय लिया था। जिसमें स्थानीय महिलाओं को ई- रिक्शा चलाने की ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार का अवसर देना था। इसी तरह गंगरेल पंचायत के युवाओं को बाहर से आने वाले पर्यटकों को गाइड करने की योजना थी। वह भी ठंडे बस्ते में चली गई है। उनका कहना है कि गंगरेल में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार की बहुत संभावना है, लेकिन प्रशासनिक इच्छाशक्ति की कमी से यह कार्य नहीं हो पा रहा है।

### रात में लहरों के शोर से पर्यटकों में रोमांच

गंगरेल बांध के तट पर बनाए गए बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में नाइट स्टे करने वाले रायपुर निवासी श्यामप्रसाद तिवारी बताते हैं कि इन दिनों गंगरेल बांध लबालब भरा हुआ है। उडन कॉटेज से रात में गंगरेल का नजारा बहुत सुंदर हो जाता है। रात में सन्नाटे के बीच बांध के लहरों का पत्थर से टकराकर आने वाला शोर बेहद रोमांचित करने वाला होता है।

आज सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बाद पंचामृत से मंदिरों का शुद्धिकरण किया जाएगा

# चंद्र ग्रहण पर मंदिरों के कपाट 15 घंटे तक बंद रहे, प्रतिमाएं कपड़ों से ढंकी रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रविवार की रात्रि 9 बजकर 57 मिनट पर चंद्रग्रहण होने के कारण शहर के सभी मंदिरों के दरवाजे सूतक लगने की वजह से 9 घंटे पूर्व 12.59 बजे दोपहर से बंद रहे।

चंद्रग्रहण के 9 घंटे पहले सूतक लग गया था। ग्रहणकाल रात्रि 1.26 बजे तक रहा। इस तरह मंदिरों के कपाट पूरे 15 घंटे तक बंद रहे। सोमवार की अलसुबह 4 बजे मंदिरों के कपाट खोलने के बाद मंदिर को वैदिक मंत्रोच्चार के बाद पंचामृत से शुद्धिकरण किया गया। हवन-पूजन, आरती के बाद प्रतिमाओं में लगाए गए लाल कपड़े हटाए गए। विधि-विधान से पूजा करने के बाद भक्तों के दर्शन के लिए कपाट खोल दिए गए। मां विंध्यवासिनी मंदिर के पुजारी पं. अश्वनी नारायण दुबे ने बताया कि मंदिर का दरवाजा दोपहर 12:58 बजे तक खुला था। 9 घंटे पूर्व सूतक लगने के कारण 12.59 बजे मंदिर के गर्भगृह और मुख्य दरवाजे को बंद कर दिया गया। सोमवार की सुबह 4 बजे खोला गया। इसी तरह शहर के हनुमान मंदिर, मठमंदिर, गणेश मंदिर, राम जानकी मंदिर, कालभैरव मंदिर, साईं मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर, जगन्नाथ मंदिर सहित सभी मंदिरों के कपाट बंद रहे। घरों में भी स्थापित प्रतिमाएं लाल कपड़ों से ढंकी गई थी।

शेष पेज 10 पर









### आज से पितृपक्ष प्रारंभ

सोमवार से पितृपक्ष प्रारंभ हो गया है जो 21 सितंबर तक चलेगा। 8 सितंबर सोमवार को प्रतिपदा यानी एकम है। 12 सितंबर को पंचमी श्राद्ध, 16 को दशमी तथा 21 को अमावस्या सर्व पितृमोक्ष दिवस है। पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस दौरान अपने पितरों को याद करने का समय है। उन्हें प्रसन्न करने से शुभ फलदायी आशीर्वाद मिलता है। पुत्र पौत्र के द्वारा तर्पण-पिंडदान करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। भटकती आत्मा को शांति मिलती है। श्री तिवारी ने बताया कि पितरदेव अपने वंशजों से मिलने धरती पर आते हैं। पुत्र पौत्र आदि द्वारा स्मरण करने से वे खुश होकर आशीर्वाद देते हैं। सभी हिन्दुओं को पितृपक्ष का पालन करना चाहिए।

### कौए, कुत्तों को भोजन कराएं

पितृपक्ष में पूरे 15 दिन कौए और कुत्तों को भोजन कराना चाहिए। इससे पितरों को तृप्ति मिलती है। सुबह स्नान के बाद शाम को पूजा के समय पितरों का ध्यान करना चाहिए। उनके नाम का जाप करें। गलतियों के लिए मांफी मांगें। दक्षिण दिशा के पीपल पेड़ के नीचे रोज सरसो तेल का दीपक जलाएं। इस अवधि में ब्राम्हण भोज, श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान करना आवश्यक है। पितरों के प्रति श्रद्धा रखने से कुलदेवता, कुलदेवी, कुलगुरु, देवी-देवता जल्द प्रसन्न होते हैं। पुत्र पौत्र को ऐसा करने से पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### गुरुकुल विद्यासागर स्कूल में शिक्षक दिवस मना

**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक हनुमान सिंह वर्मा का सम्मान किया गया। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि देश के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति के रूप में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन ने अपने जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में हमें जो भेंट दिया है, यह शिक्षकों के लिए अमूल्य धरोहर है। प्रधानपाठक भारतलाल साहू ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए अनेक मनोरंजन खेल का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर टैक्स नहीं लगाने का निर्णय ऐतिहासिक

**बगदेही(धमतरी)।** केंद्र सरकार ने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर लगने वाले गुड्स एंड सर्विस टैक्स को पूरी तरह



समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। वेल्थ मैनेजर दुर्गा चंद्राकर का कहना है कि अब 22 सितम्बर से किसी भी प्रकार के जीवन बीमा या स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय करोड़ों परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। पहले बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत तक जीएसटी लागू था, जिससे बीमा महंगा पड़ता था। अब यह बोझ पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह कदम न केवल बीमाधारकों के जीवन को आसान बनाएगा, बल्कि देश को आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता की ओर अग्रसर करेगा।

### समिति कर्मचारियों ने अपेक्स बैंक अध्यक्ष को मांग पत्र सौंपा

**पुरी।** छाती सोसाइटी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता को महासंघ ने बैंक क्रेडर समिति प्रबंधक 50 फीसदी सेवा नियम 2018 अनुसार विभागीय भर्ती के लिए मांग पत्र सौंपा। इस पर श्री गुप्ता ने कहा कि इस विषय पर अपेक्स बैंक में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस दौरान समिति कर्मचारी मौजूद थे।

### गुरुजनों को उपहार देकर किया सम्मानित

**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के शासकीय हाईस्कूल आत्मानंद में शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का उपहार देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि गुरु का जीवन में अपना अलग ही महत्व है। गुरु के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना करना असंभव है। गुरु ही हमको जीवन जीने की शैली सिखाते हैं। गुरु का कर्ज चुका पाना नामुमकिन है। इस अवसर पर हाईस्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू, प्राचार्य, छात्र-छात्राएं एवं नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### चंद्र ग्रहण पर मंदिरों के कपाट 15 घंटे तक बंद रहे, प्रतिमाएं लाल ...

पंडालों में विराजित भगवान श्रीगणेश की आंखों में लाल पट्टी बांधी गई। कुछ स्थानों पर पूरा पर्दा ही गिरा दिया गया था।

पं. दुबे ने बताया कि ग्रहणकाल में मूर्तियों को स्पर्श करना वर्जित रहता है। प्रतिमाओं को नया लाल वस्त्र से ढंका गया। पूजा पाठ, शुभकार्य वर्जित रहता है। ग्रहणकाल में यात्रा, बाहर निकलना निषेध है। भोजन एक समय करना चाहिए। ग्रहण काल के बाद घर मंदिरों का शुद्धिकरण आवश्यक है। ग्रहणकाल में दान करना शुभ कार्य है। इस दौरान कीर्तन, भजन, अखंड मंत्र जाप फलदायी है।

---

ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र में शिक्षकों को सम्मानित किया गया

# शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अहम गुरु होते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विव सेवा केंद्र नगरी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीके भावना, बीके कमलेश्वरी, एएल बनपेला सेवानिवृत प्राचार्य, श्रीमती दीपा देवांगन प्रोफेसर सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी, जेपी यादव प्राचार्य हाईस्कूल गुहाननाला, महेश्वर जयसिंधु प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरडुला, राजेश तिवारी प्राचार्य हाईस्कूल भैंसामुड़ा, राजेश तिवारी योगाचार्य व उच्चश्रेणी शिक्षक माध्यमिक शाला भैंसामुड़ा सहित अंचल के 60 शिक्षक- शिक्षिकाओं ने शिरकत की। कुमारी शांता ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर बीके भावना ने कहा कि यह पल वास्तव में उत्साह व खुशियों का है जिसमें इतने सारे शिक्षाविदों का समागम हुआ है। शिक्षा एक ऐसा दीपक है जिसकी रोशनी में बच्चों को जीवन का नया रास्ता मिलता है। परिंदों को बाज बनाने का हुनर शिक्षकों के पास ही होता है। बच्चों में अपार संभावनाएं होती हैं जिसे साकार मूर्त करने की क्षमता सिर्फ गुरु में ही होती है।

महाविद्यालय की प्रो. श्रीमती दीपा देवांगन ने कहा कि प्रकृति हमारी प्रथम गुरु है, जिसकी गोद में पलकर हम बड़े हुए । इसके सानिध्य में हम जीवन जी रहे हैं। हम सभी को अध्यात्म से जुड़कर मेडिटेशन करना चाहिए। राजेश तिवारी ने कहा कि शिक्षक का पद श्रेष्ठतम पद है जो सेवाकाल के दौरान तथा बाद में भी सम्मान का पात्र बनाता है। एएल बनपेला ने कहा कि आप सभी शिक्षक विशेष है। श्री तिवारी योगाचार्य ने कहा कि शिक्षक अपने ज्ञान की रोशनी सुदूर गांवों व शहरों में बिखेर रहे हैं। जेपी यादव ने कहा कि शिक्षक के ज्ञान का अनुसरण करने से ही हम जीवन के पथ पर सदा अग्रसर होते रहेंगे। श्री जयसिंधु ने कहा कि एक विकसित समाज में शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रम का संचालन निशा साहू तथा आभार प्रदर्शन रतिराम नाग ने किया।

# बगदेही से कुरुद मार्ग हुआ जर्जर, मरम्मत की जरूरत

- राहगीरों को आवागमन में हो रही है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कुरूद से भखारा को जोड़ने वाली बगदेही-कुरुद सड़क रखरखाव व मरम्मत के अभाव में दम तोड़ रही है। इस जर्जर सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जर्जर सड़क के चलते वाहन चालक व राहगीर आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस 9.85 किलोमीटर सड़क का निर्माण 509.76 लाख रुपये की लागत से कराया गया था। यह सड़क कुरूद से कन्हारपुरी, भुसरेंगा, चोरभट्टी, बगदेही, भेंडरवानी, देवरी, सिहाद होते हुए भखारा पुराना रायपुर सड़क के पास में मिलती है। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन कुछ ही साल पहले बनी इस महत्वपूर्ण सड़क का सही से रखरखाव व समय पर मरम्मत नहीं होने से आज इसकी हालत काफी खस्ता हो गई है।

### मरम्मत की दरकार, विभाग का ध्यान नहीं

सड़क इतनी खराब हो गई है कि जगह-जगह लंबे चौड़े गड्ढे बन गए हैं। जहां पर गड्ढे हैं वहां पर नुकीले पत्थर बिखरे पड़े हैं। वहीं हल्की बारिश भी होती है तो मार्ग और भी खतरनाक रूप ले लेता है। जगह-जगह सड़क में पानी भर जाता है जिसे कई बार बड़े हादसे होने की संभावना बनी रहती है। सर्वाधिक तकलीफ स्कूल, कालेज, आईटीआई जाने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को हो रही है।

### शासन-प्रशासन को कराया गया अवगत

कन्हारपुरी, भुसरेंगा, चोरभट्टी और बगदेही, भेंडरवानी, देवरी तक पूरी सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। अब तो सड़क से डामर पूरी तरह उखड़ने लगा है जिससे सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। सड़क पर बने गड्ढे लोगों के लिए मुसीबत खड़े कर रहे हैं। खराब सड़क की वजह से मरीजों को अस्पताल लाने ले जाने में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क की मांग को लेकर स्थानीय लोग और आसपास के ग्रामीण कई बार शासन और प्रशासन का ध्यान इस ओर ला चुके हैं लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभाग के अफसरों ने सड़क की मरम्मत और डामरीकरण की ओर अब तक कोई पहल नहीं की है।

# हसदा में बलराम जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकार एवं भारतीय किसान संघ मगरलोड तहसील अध्यक्ष तोमनसिंह साहू के मार्गदर्शन में उपतहसील करेली बड़ी के ग्राम अमलीभाठा (हसदा) में भगवान बलराम का जन्मोत्सव एवं किसान दिवस मनाया गया। भगवान बलराम के आदर्श मूल्य के साथ कृषि आधारित, नई तकनीकी, विकास पारंपरिक खेती, दलहन तिलहन पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि रामेश्वर ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि गुहाराम ध्रव, मदन पाल ग्रामीण सचिव, जगदेव पाल ग्रामीण पूर्व उपाध्यक्ष, धनंजय ध्रुव ग्रामीण कोषाध्यक्ष, रजनुराम ध्रुव ग्रामीण संरक्षक, दललुराम पारधी ग्रामीण संरक्षक, खेमलाल पाल पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष एवं गणपत ध्रुव, पवन ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, अंजोर ध्रुव, कुशल ध्रुव, कृपाराम ध्रुव, सूबेलाल पाल थे। भारतीय किसान संघ छग प्रदेश संगठन को मजबूत करने के लिए नियमावली का वाचन किया गया। रामेश्वर ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष को बलराम देव की फोटो भेंट की गई।

मौके पर भारतीय किसान संघ मगरलोड के सचिव बेदराम साहू, भारतीय किसान संघ, उपतहसील करेली बड़ी के उपाध्यक्ष गौतम साहू, भारतीय किसान संघ उपतहसील करेली बड़ी के सदस्य शेषकुमार साहू, कमलेश, लखन साहू, हुलासराम, वीरेंद्र साहू, ईश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू मौजूद थे।

# दिनेश अध्यक्ष व श्यामशंकर चुने गए सचिव

- छग चंद्रनाहु क्षत्रिय कुर्मी समाज कुरूद राज का चुनाव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



छग चंद्रनाहु क्षत्रिय कुर्मी समाज कुरूद राज का निर्वाचन शनिवार को चंद्राकर भवन कुरूद में हुआ। कुरूद राज अंतर्गत 5 परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित सदस्यों द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, महिला प्रतिनिधि, केन्द्रीय प्रतिनिधियों और सदस्यों का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव संचालक हुलेश चंद्राकर, डॉ भूषण चंद्राकर, द्वारिकाप्रसाद चंद्राकर, बसंत चंद्राकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिनेश चंद्राकर सहायक निर्वाचन अधिकारी थे।

चुनाव में कुरूद राज अंतर्गत छाती, दोनर, उमरदा, कुरूद, दहदहा परिक्षेत्र के कुल 60 मतदाताओं ने 12 प्रतिनिधियों का चुनाव किया। सभी पदों पर निर्विरोध न होकर चुनाव सम्पन्न हुई। सभी पदों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अध्यक्ष पद पर दिनेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पद पर हेमंत चंद्राकर, सचिव अधिवक्ता श्यामशंकर चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रूपेंद्र चंद्राकर, संगठन मंत्री श्रीराम चंद्राकर, महिला प्रतिनिधि ईश्वरी चंद्राकर, चित्ररेखा चंद्राकर, सदस्य प्रतिनिधि में अधिवक्ता होरीलाल चंद्राकर, भुनेश्वर चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर दोनर, उमाकांत चंद्राकर नियुक्त हुए।

मौके पर चंद्राकर समाज के गणमान्य नागरिक, पूर्व निर्वाचित पदाधिकारी और प्रबुद्ध नागरिक और मातृशक्तियां उपस्थित थीं। निर्वाचित पदाधिकारियों ने मतदाताओं का आभार व्यक्त कर समाज हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया है।

# 21 साल का इंतजार खत्म, मड़वापथरा में खुली उचित मूल्य की दुकान



- महिलाओं ने कहा : अब समय और श्रम दोनों की बचत होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मड़वापथरा के ग्रामवासियों का 21 साल पुराना सपना साय सरकार द्वारा साकार हो गया। ग्राम में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने रिबन काटकर किया। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। अब तक उन्हें खाद्यान्न सामग्री प्राप्त करने के लिए लगभग 10 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही यह सुविधा उपलब्ध होगी।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अब सीधे पात्र परिवारों तक पहुंचेगा। उन्होंने याद दिलाया कि दो माह पूर्व कसावाही में आयोजित बीज बोनी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इस दुकान को शुरू करने की घोषणा की थी, जो पूरी हो गई।

ग्रामीणों ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुकान के खुलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। महिलाओं ने बताया कि अब समय और श्रम दोनों की बचत होगी। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# गोंड़वाना समाज ने नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनी पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





गोंड़वाना समाज सेवा समिति उपक्षेत्र नगरी द्वारा दुगलीपारा स्थित गोंड़वाना भवन में पारंपरिक विधि-विधान से नवाखाई एवं ठाकुर जोहारनी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बुढ़ादेव को नए चावल से बने प्रसाद एवं धान की नई बाली अर्पित कर समाज की खुशहाली की कामना की गई।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया गया एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित हुईं। भारी वर्षा के बावजूद बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही। समाज के प्रतिभावान युवाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज की पुरातन संस्कृति, शिक्षा के महत्व एवं संवैधानिक अधिकारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुखराम मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, सरपंच दुर्गा दर्रो सहित नारायण मरकाम, देशराम शोरी, फरसुराम शोरी, राजेश कोर्राम, जीवन कोर्राम, संजू नेताम, बलराम सोरी, द्वारिका नेताम, हरक मरकाम, भरतलाल मरकाम, सतरूपा मरकाम, मनीष कुंजाम, भागीरथी दर्रो एवं ऋतुराज कुंजाम उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नोहरसिंह मरकाम ने किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र सारंगपुरी में पोषण माह मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी ब्लाक के आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम सारंगपुरी (करैहा) में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंचल साहू ने बताया कि यह एक वार्षिक अभियान है जिसका उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना है। पोषण के विषय में जागरूकता, आहार पद्धति में सुधार करना तथा बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान करने वाली माता सहित कमजोर समूहों के बीच कुपोषण से निपटना है। कार्यक्रम में रेवती नेताम, वासिनी मारकोले, संतोषी सलाम, रुपा साहू, कुलेश्वरी नेताम, देविका साहू, ऊषा मरकाम सहित गर्भवती, शिशुवती महिलाएं मौजूद थीं।

शिक्षक दिवस पर महासमुंद सांसद, महापौर, कलेक्टर ने किया सम्मान

# नवाचार के लिए विकासखण्ड के कई शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी विकासखण्ड के शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी व उत्कृष्ट योगदान के लिए महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, रामू रोहरा महापौर, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सम्मानित किया। कार्यक्रम नगरपालिक निगम सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे धमतरी में रखा गया था। माध्यमिक विभाग से उत्कृष्ट प्रधानपाठक के लिए महेंद्र बोरझा प्रधानपाठक मा. शाला बोड़रा, प्राथमिक विभाग से खेमचंद पाटले प्राशा ठेमलीपारा, ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए शशिकला बैरागी प्राशा बिरनपुर, दीक्षा सूर्यवंशी प्राशा रामनगर सांकरा, रोहित देवांगन प्राशा डोमपदर, शिक्षादूत पुरुस्कार के लिए चंद्रकिरण देवांगन शिक्षक एलबी बोकराबेड़ा, शिक्षा के लिए अश्वनी बंधु हायर सेकेंडरी स्कूल घुटकेल और अच्छे कार्य करने वाले शिक्षक के रुप में बीडी बैरागी व्याख्याता एलबी शासकीय हाईस्कूल टांगापानी, कंचन साहू प्रधानपाठक, पीएम नवागांव सांकरा, अजय देवांगन सहा.शिक्षक, प्राथ. शाला डोहलापारा, मुकेश चन्द्राकर, सहा. शिक्षक, प्राथ. शाला ठोठाझरिया, फरसगांव, सुजीत देवांगन प्रधानपाठक, प्राशा गायतापारा, आमगांव, होरिलदास मानिकपुरी, सहा. शिक्षक, प्राथ. शाला कुरमियां, संजय पटेल प्रधानपाठक, प्राथ. शाला गादुलबाहरा रिस., पूनमचन्द ठाकुर शिक्षक, माध्य. शाला बटनहर्रा, कृष्णकुमार कोटेन्द्र, सहा.शिक्षक, प्राथमिक शाला जामपानी, पीलूराम निषाद सहा. शिक्षक, प्राथमिक शाला घुरावड़ जितेश्वरी साहू, प्रधानपाठक, प्राथमिक शाला बांधा, बलिहार सोरी शिक्षक, माध्यमिक शाला गुहाननाला, संध्या साहू प्रधानपाठक, प्राथ. शाला अछोली, हुमलाल सिन्हा खेल प्रशिक्षक, हाय. सलोनी, लोकेश्वर ध्रुव, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला महमल्ला, डिगेश कश्यप सहा. शिक्षक एलबी प्राथ. शाला बुढरा, हुलास सूर्याकर सहा. शिक्षक प्राथ. शाला दुर्गा चौक नगरी, इन्दूलता वर्मा प्रधानपाठक प्राथ. शाला पदमपुर रहे।

इसी तरह बोर्ड परीक्षा 2024-25 में 100 प्रतिशत रिजल्ट देने वाले शासकीय हाईस्कूल बोराई के प्राचार्य, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजपुर के प्राचार्य श्री टंडन, डोमारसिंह ध्रुव शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कन्या परिसर दुगली प्राचार्य, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बांसपानी के प्राचार्य, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बगरूमनाला के प्राचार्य को सम्मानित किया गया। नगरी विकासखण्ड के शिक्षकों को सम्मान प्राप्त होने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी माहेश्वरी ध्रुव, ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक प्रकाश साहू सहित सभी संकुल के समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्यों ने हर्ष जताया है।

# मोतिमपुर में ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी चुने गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम मोतिमपुर में ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारियों का गठन किया गया। तामेश्वर साहू अध्यक्ष, टिकेश साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती लीला साहू महिला उपाध्यक्ष, तिलकराम साहू सचिव, रामकुमार साहू संगठन सचिव, श्रीमती किरण साहू महिला संगठन सचिव, छबिलाल साहू कोषाध्यक्ष, विष्णुराम साहू अंकेक्षक, दुखुराम साहू सलाहकार बनाए गए। पार प्रमुख के रूप में देवलाल साहू, व्यासनारायण साहू, भागवतराम साहू, रिखीराम साहू, हरिराम साहू, पुरुषोत्तम साहू का चयन किया गया। समाज सेवक दशेलाल साहू को रखा गया। पदाधिकारियों का चयन सभापति मोहन साहू और सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में हुआ।

## अंचल की खबरें

### भोथली में धूमधाम से हुआ गणेशजी का विसर्जन



**धमतरी।** ग्राम भोथली (बलियारा) में नवयुवक गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश जी का विसर्जन धूमधाम से किया गया। शोभायात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। मौके पर लुकेंद्र कुमार, पीलेश्वर बघेल, तरुण कुमार, प्रेमसागर, देवेंद्र, युवराज, शुभम, लक्की, दिव्यांश, तन्मय, अंजलि, डेमिन, नेहा, सोनी, भूमिका समेत अन्य उपस्थित थे।

### कबड्डी स्पर्धा में परसट्टी बना विजेता



**धमतरी।** ग्राम सौराबांधा (सिलौटी) में नवयुवक गणेशोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि केशव ध्रुव थे। अध्यक्षता श्रीराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि भुवन नायक, शोभउराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष ग्राम सौराबांधा, कुंजलाल साहू, भोजराम साहू, लीलाराम साहू, पुनेश्वर चांद, जोहितराम साहू, श्यामलाल मेश्राम ग्राम कोटवार थे। कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम परसट्टी, द्वितीय निपानी, तृतीय ग्राम अछोली एवं चतुर्थ ग्राम लमकेनी की टीम रही।

### गरिमा का एमबीबीएस में चयन



- तहसील साहू समाज भखारा ने किया सम्मानित

**अंवरी।** साहू समाज भखारा परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष सोमनाथ साहू के छोटे भाई संतोष साहू की बेटी गरिमा साहू का एमबीबीएस में चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में हुआ है। तहसील साहू समाज भखारा ने उन्हें सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर तहसील साहू समाज भखारा के अध्यक्ष कामताप्रसाद साहू, उपाध्यक्ष मीलूराम साहू, दमयंती साहू, सचिव भोलाराम, इंद्राणी साहू, भारती साहू, तीजबाई साहू समेत साहू समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

### आस्था विद्या मंदिर में मना शिक्षक दिवस





**अंवरी।** आस्था विद्या मंदिर तरसींवा में शिक्षक दिवस मनाया गया। छात्र -छात्राओं द्वारा गीत, भाषण, कविता, सामूहिक डांस का आयोजन किया गया। संस्था प्रबंधक साहिल गायकवाड़, प्राचार्य नूरेंद्र देवांगन, शिक्षक डाविन साहू, टिकेश साहू, मधुराम साहू, रमा निषाद, वेदकुमार, किशन गोस्वामी, मोहित गोस्वामी, सागर, ऋतुराज साहू, सोनम जाधव, मीना, भूपेंद्र, वीरेंद्र साहू, दिनेश साहू, भूमि , सागर साहू, लक्ष्मी साहू, ऋतु का सम्मान किया गया। शिक्षकों ने छात्रों को एक दूसरे के प्रति सहयोग और भाईचारे की भावना रखने, निरंतर अभ्यास करने की बात कही।

### सरपंच ने बताया बच्चों को शिक्षा का महत्व



**जीजामगांव।** शासकीय माध्यमिक शाला मड़ेली शिक्षक दिवस मनाया गया। शाला के बच्चों ने शिक्षकों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों तथा सरपंच को आमंत्रित किया। मंच संचालन सुनीता, तुलसी, जावेंद्र एवं शालानायक तरुण, योगेश ने किया। बच्चों ने बारी-बारी से शिक्षकों का गुणगान किया। सरपंच श्रीमती बीना साहू ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू ने शाला एवं शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए पालक, बालक तथा शिक्षकों को मिलकर कार्य करने की बात कही। प्रधानपाठक सुरेश बंधेल ने आभार व्यक्त किया। बच्चों ने सभी शिक्षकों का श्रीफल, डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया। इस दौरान कुलेश्वरप्रसाद देवांगन, जीवनलाल भारद्वाज, विद्या साहू, होमलता साहू, डिकेश्वर साहू, संतोष साहू एवं देवनारायण ध्रुव शिक्षक मौजूद थे।

### कुर्रा में निकला जुलूस ए मोहम्मदी



**अंवरी।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को ग्राम कुर्रा शान से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जिसमें सैकड़ों की तादाद में समाज के लोग शामिल हुए। बच्चे हाथों में इस्लामी झंडा लिए लहराते हुए चल रहे थे। नए और आकर्षक परिधान में लोगों का उत्साह झलक रहा था। रास्ते भर नाते पाक और दुरुदो सलाम पढ़ते हुए लोग आगे बढ़ रहे थे। मौके पर फरीद खान, फाजल, हनीफ खान, अरमान, वसीम, आविद, तसलीम, जामल, फिरोज, करीम, इलियान, अहमद, शाहरुख, असलम, राशिफ समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

---

आदि कर्मयोगी अभियान, प्राकृतिक खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

# अधिकारी किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे बताएं : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को कुरूद एवं मगरलोड क्षेत्र का दौरा कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, चिन्हित स्थलों और विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने मगरलोड स्थित पुस्तकालय (लाइब्रेरी) भवन का अवलोकन किया और निर्माण की गुणवत्ता का जायजा लिया।

इसके बाद उन्होंने जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में विकासखंड अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें सभी विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनरों से प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए कहा कि यह अभियान केवल प्रशासनिक प्रक्रिया भर नहीं है, बल्कि आदिवासी अंचलों में विकास की रोशनी पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है।



कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने पौधरोपण की स्थिति और उसके संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि किसानों को किस हद तक रासायनिक खाद के उपयोग से दूर किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे बताकर और अधिक प्रेरित किया जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने सिंगपुर स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए यहां शीघ्र ही 108 एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की मॉक परीक्षा, गणवेश और पुस्तक वितरण की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय में नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने दूध एकत्रीकरण केंद्रों की जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी पशुओं को समय पर रोग-निरोधक टीके लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए इसकी सुरक्षा और देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की।

---

# श्रद्धा एवं भक्ति के साथ बप्पा को दी विदाई

- हवन पूजन के साथ गणेशोत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)



क्षेत्र में गणेशोत्सव का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्रामीण अचंल के चौक चौराहों पर पंडालों एवं घरों में विराजित श्री गणेश जी का हवन पूजन के पश्चात श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ तालाबों में विसर्जन किया गया।

क्षेत्र में कहीं शुक्रवार तो कहीं शनिवार को हवन पूजन के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव का समापन हुआ। हवन पूजन के पश्चात पंडालों में खीर पूड़ी का प्रसादी वितरित किया गया। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के नारों एवं गीत संगीत के साथ भक्तों ने नाचते गाते विसर्जन यात्रा निकाली गई।

इस दौरान जगह-जगह भक्तों का उत्साह देखने लायक था। ग्राम चिटौद में गांधी चौक, ठाकुरदेव चौक, बालक चौक, सुभाष चौक, जवाहर चौक, आबादीपारा सहित अन्य चौक चौराहों पर विराजित भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को किया गया।

इसी प्रकार पुरूर के मावलीमाता चौक, भाठापारा चौक, शिव चौक, गांधी चौक सहित अन्य चौक चौराहों पर विराजित प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को किया गया। बालोदगहन, कुम्हारखान, आनंदपुर, भर्रीगांव, उसरवारा, फागुनदाह, चंदनबिरही, बागतराई, मुड़खुसरा, बोरिदकला, सोरम, बोरिदखुर्द सहित अंचल के गांवों में कहीं शनिवार को तो कहीं रविवार को गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में युवाओं के साथ महिलाएं भी पूरे भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ शामिल हुईं।

---

# शिक्षक जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है : बैनर्जी

- आमदी कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)





शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई के तत्वावधान में शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

डुमेश्वरी एवं तुलसीरानी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वरिष्ठ सहा. प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि शिक्षक केवल पुस्तक का ज्ञान देने वाला नहीं होता बल्कि वह विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्तित्व का निर्माण करना है। विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे गुरुजनों के मार्गदर्शन को आत्मसात कर उसे अपने जीवन में उतारें। अंकित बोधवानी ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन बताया और विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय संवेदनाओं को भी आत्मसात करने का आग्रह किया।

रासेयो अधिकारी डीगेश्वर अटल ने गुरु स्वयंसेवकों को शिक्षा के साथ समाजसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। अतिथि सहायक प्राध्यापक युगेश्वर साहू, मन्नूलाल साहू, रमेश सिंह एवं डा. उपमा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने, गुरुजनों का सम्मान करने, अर्जित ज्ञान को समाज कल्याण में लगाने तथा उत्कृष्टता की ओर सतत प्रयत्नशील रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों संदीप, कुणाल, मोनिश, डुमेश्वरी, कीर्ति, शिप्रा, ट्विंकल, तुलसीरानी, खुशबू एवं योगिता साहू का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संचालन स्वयंसेवक संगीता साहू एवं युक्ति तिवारी ने किया।

---

## स्वच्छता, यातायात एवं पर्यावरण संरक्षण पर उमरगांव में हुआ जनजागरुकता कार्यक्रम

# बीमारियों की सबसे बड़ी वजह स्वच्छता की कमी : देशमुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



छग के रजत जयंती महोत्सव एवं शिक्षक दिवस पर नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत उमरगांव में स्वच्छता, यातायात सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध नाड़ी वैद्य एवं मोक्षधाम सेवा समिति लिमोरा गुंडरदेही (दुर्ग) के संस्थापक बीरेंद्र देशमुख का ग्रामवासियों ने गौरा चौक ठाकुरपारा से बाजार चौक तक ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पारंपरिक उत्साह के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अंजना ध्रुव ने की। विशेष अतिथि ओमप्रकाश साहू पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रायपुर, योगेंद्र साहू, फलेंद्र साहू उपसरपंच, सरोज शेष, सुभाषिनी ध्रुव एवं हेमंत ठाकुर थे। बीरेंद्र देशमुख ने कहा कि बीमारियों की सबसे बड़ी वजह स्वच्छता की कमी है, इसलिए हर व्यक्ति को अपने घर-आंगन एवं आसपास का परिवेश स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रकृति ने हमें प्राणवायु, जल, भोजन और पेड़-पौधे निःशुल्क प्रदान किए हैं, अतः हमें भी उनके संरक्षण का दायित्व निभाना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि हेलमेट जीवन रक्षा का सबसे सरल साधन है, इसे अपनाना आत्मसुरक्षा का पहला कदम है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को आयुर्वेदिक घरेलू उपचारों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों को सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान विधिका मरकाम बीएसएफ जवान एवं अंजु ध्रुव शिक्षिका का किया गया। शैक्षणिक प्रोत्साहन कु. कंचन ध्रुव कक्षा 5वीं, वोयश हिरवानी कक्षा 8वीं एवं कु. केशर नेताम कक्षा 10वीं। स्वच्छता सम्मान हीराबाई नाग, बासनबाई ध्रुव, कुमारीबाई यादव, मोहित नाग एवं कोमल यादव। यातायात सुरक्षा सम्मान विष्णु शेष, डीकू साहू, खिरभान साहू, पूजाश्री कश्यप एवं तेजस्विनी गुप्ता को हेलमेट पहनाकर सम्मानित किया गया। शौचालय स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन पुरस्कार में प्रथम 5000 रु श्रीफल जयंती यादव, द्वितीय 3000 रु व श्रीफल कंवल विश्वकर्मा, तृतीय 2000 रु व श्रीफल चंदरबाई साहू को दिया गया। मौके पर ग्राम समिति अध्यक्ष कृष्णकुमार मारकोले, देवेंद्र सेन, महेश अग्रवाल, अंगेश हिरवानी, पूनमचंद कश्यप, नरेश छलांगिया, बेददास मानिकपुरी, मेघराज ध्रुव, मानिक साहू, नारायण दास, रामप्रसाद साहू, दुर्गेश साहू, भोला सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# सामूहिक डांस में न्यू किरण डांस ग्रुप तर्रागोंदी अव्वल रहा

- नृत्य और कला हमारी संस्कृति की आत्मा : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





डीजे डांस प्रतियोगिता बजरंग चौक नगर पंचायत भखारा में हुई। प्रतिभागियों ने भी पूरे उल्लास और उत्साह से भाग लिया। सामूहिक डांस में प्रथम न्यू किरण डांस ग्रुप तर्रागोंदी, द्वितीय अमर ज्योति डांस ग्रुप नावागांव कचना, तृतीय नित्या डांस ग्रुप भिलाई दुर्ग। एकल में प्रथम डिम्पी साहू कोसमर्रा, द्वितीय राजनंदनी। युगल डांस कोंडागांव, तृतीय सीता गीता युगल डांस बेमेतरा रहे। भखारा नगर में आयोजित डांस प्रतियोगिता कला और संस्कृति का एक जीवंत संगम बनी। प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गूंज और उत्साह से भरे माहौल ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन रहीं। अन्य अतिथि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, सोमनाथ साहू, भूपेंद्र यादव, मंशाराम साहू, हेमंत साहू, थाना टीआई अमलतास थे। अपने उद्बोधन मेंश रीमती ज्योति जैन ने कहा कि नृत्य और कला हमारी संस्कृति की आत्मा है। ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं बल्कि समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करते हैं। बच्चों और युवाओं की प्रस्तुतियां यह साबित करती हैं कि हमारे नगर में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। नगर पंचायत हमेशा शिक्षा, खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तत्पर रहेगी। इस दौरान एमबीबीएस के लिए चयनित भखारा की गरिमा साहू का सम्मान किया गया।

---

# भारत त्योहारों का देश है : रामू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अनंत चौदस के अवसर पर महापौर रामू रोहरा महालक्ष्मी इनक्लेव पहुचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। महापौर ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है, जहां एक के बाद एक पर्व आते हैं। गणेशोत्सव के बाद अब नवरात्रि का आगमन होगा। ये पर्व हमें आपसी भाईचारे और एकता की डोर में बांधते हैं। कार्यक्रम में श्रीमती रीतु शर्मा, श्रीमती राखी रायचुरा, श्रीमती काया चावला, पायल पांडे, सिल्की जैन, आकाश कटारिया, हरेश खटवानी, अजय सिंघल, विनोद पांडेय, रवि पांडेय, योगेश रायचुरा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद पिंटू यादव, कुलेश सोनी और गोपाल साहू भी मौजूद रहे।

---

# पंचायत भृत्यों को एक समान मानदेय देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

छग पंचायत भृत्य कल्याण संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को राजाराव पठार में रखी गई थी, जिसमे ग्राम पंचायत भृत्य के विभिन्न मुद्दों और आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई। ब्लॉक और जिला पदाधिकारियों ने संगठन को अवगत कराया कि वे 10 से 15 साल से पंचायत में कार्य कर रहे हैं लेकिन सरकार अलग-अलग मानदेय दे रही है।

पदाधिकारियों का कहना है कि अगर सरकार जल्द मांग को पूरा नहीं करेगी तो छत्तीसगढ़ के लगभग 11665 ग्राम पंचायत भृत्य आंदोलन का रास्ता अपनायेंगे। नए ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति कर संगठन को निरंतर गति दी जायेगी। बैठक में भूपेंद्र साहू प्रदेश संरक्षक का स्वागत किया गया।

श्री साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत भृत्यों की मांग जायज है और मांग को पूरा कराने हर संभव प्रयास किया जायेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक, प्रदेश उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जसवंत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष देवसिंह पोटाई, प्रदेश सलाहकार बिदेसिंह बोगा, प्रदेश मीडिया प्रभारी परमानंद देवदास, टिकेश्वर साहू, किशोर साहू, काशीराम यादव, धमतरी जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, भुवनेश्वर साहू, टीकम सिंह, सज्जन सिंह, झंगुराम साहू, भागवतराम जैन, उमेश मांझी, तेजेश्वर पटेल, रामकुमार मोगरे, नगरी ब्लाक अध्यक्ष रूपेश पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# कांग्रेस को आदिवासी नेतृत्व से चिढ़ है, हर बार अपमानित करने का षड्यंत्र रचती है : विकास

**नगरी।** भाजपा एसटी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं छग आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने केदार कश्यप पर सर्किट हाउस में एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के साथ मारपीट के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि छग में कांग्रेस की आदिवासी विरोधी मानसिकता एक बार फिर बेनकाब हो गई है। वनमंत्री केदार कश्यप पर सर्किट हाउस के एक कर्मचारी से मारपीट का जो आरोप लगाया गया है, वह न केवल बेबुनियाद है बल्कि कांग्रेस की हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण है। यह वही कांग्रेस है जिसने पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आपत्तिजनक कार्टून बनाया, फिर उनके चेहरे पर गोबर फेंकवाया और अब एक और आदिवासी नेता को निशाना बना रही है। यह सिलसिला



बताता है कि कांग्रेस को आदिवासी नेतृत्व से चिढ़ है और वह हर बार उन्हें अपमानित करने का षड्यंत्र रचती है। आगे कहा कि केदार कश्यप के चरित्र और सेवाभाव से बस्तर ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़ वाकिफ है। मंत्री कश्यप का दशकों का सार्वजनिक जीवन, उनकी विनम्रता और सज्जनता की गवाही देता है। वे एक बड़े राजनीतिक परिवार से हैं, कई बार मंत्री रह चुके हैं, लेकिन कभी भी उन्होंने अपने व्यवहार में अहंकार नहीं आने दिया। जगदलपुर सर्किट हाउस की घटना को कांग्रेस ने जिस तरह तूल दिया, वह साफ दर्शाता है कि मुद्दों के गंभीर अकाल से जूझ रही कांग्रेस अब झूठे वीडियो और जबरन बयान दिलवाकर प्रदेश का ध्यान भटकाना चाहती है। वीडियो में साफ दिखता है कि कर्मचारी से जबरन बयान दिलवाया जा रहा है। शब्द उनके मुंह में ठूंसा जा रहा है, यह कांग्रेस की स्क्रिप्टेड नौटंकी है। उन्होंने आगे कहा कि जहां भाजपा के नेता सेवा और संयम की मिसाल हैं, वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता अक्सर बदजुबानी, धौंस और हिंसा के लिए कुख्यात रहे हैं। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह आदिवासी नेताओं को अपमानित करती है, उन्हें हाशिए पर धकेलती है और जब वे जनप्रिय हो जाते हैं, तो उनके खिलाफ झूठे आरोप गढ़ती है। बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्र से चुनावों में जिस प्रकार सूपड़ा साफ हो रहा है इसकी ख़ीझ में कांग्रेस लगातार आदिवासी समाज को अपमानित कर रही है। दीपक बैज और भूपेश बघेल को आदिवासी समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा आदिवासी समाज उन्हें समुचित जवाब देगा।

खबर संक्षेप



## राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक में शिवराम ने जीता गोल्ड मेडल

**धमतरी।** ग्वालियर मध्यप्रदेश में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय पैरा एथलीट चैंपियन में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए 1500, 400 मीटर दौड़ में शिवराम साहू ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शिवराम के निवास पहुचकर वार्ड पार्षद सुमन मेश्राम ने सम्मानित किया और कहा कि शिवराम ने जोधापुर डाकबंगला वार्ड धमतरी सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि कक्षा दूसरी में पढ़ते हुए शिवराम एक हादसे का शिकार हुए। इस कारण उनका एक हाथ काटना पड़ा। उसके बाद भी उन्होंने खेल के प्रति अपना जज्बा बरकरार रखा और विकलांगता को कभी सामने आने नहीं दिया। वे दो बार राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## कांग्रेस आईटी सेल के लोकसभा अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** कांग्रेस आईटी सेल के लोकसभा अध्यक्ष तुषार जैस की प्रथम पुण्यतिथि पर युवा कांग्रेस ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पार्टी के प्रति उनके समर्पण को याद किया। श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, गीतराम सिन्हा, गुरुगोपाल गोस्वामी, देवेन्द्र देवांगन, हितेश गंगवीर, नमन बंजारे, अविनाश मरोठे, वातांजलि गोस्वामी, सूरज पासवान, आशुतोष खरे उपस्थित थे।

## सद्भावना मंच ने किया शिक्षकों का सम्मान

**मगरलोड।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना मंच मेघा के सदस्यों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का घर-घर जाकर सम्मान किया। सेवानिवृत्त शिक्षक का तिलक लगाकर तथा शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

टमाटर 20 तो भटा, कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी, डोड़का और मूली 30 में बिका

# लोकल बाड़ियों से हो रही हरी सब्जियों की बंपर आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की बहार है। लोकल बाड़ियों से बंपर आवक के चलते हर तरह की सब्जियां बाजार में दिख रही हैं। ग्राहक थैला भरकर सब्जी खरीद रहे हैं । कुछ सब्जी एकदम सस्ती है। कुछ के दाम सामान्य हैं तो कुछ बजट से बाहर से हैं। उपभोक्ता सस्ती, मध्यम रेट की सब्जियां ज्यादा खरीद रहे हैं। अधिक दाम की सब्जियां पावभर, आधा किलो खरीदकर काम चला रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि रविवार को कुछ सब्जियों की बंपर आवक रही इसलिए रेट गिरे हैं। कुछ की आवक कम है इसलिए दाम चढ़े हैं।

शहर के इतवारी बाजार में त्योहारी सीजन के चलते काफी भीड़ नजर आई। पहले की अपेक्षा हरी सब्जियों का पसरा ज्यादा दिखा। सभी वैराटियों की सब्जियों के कारण ग्राहकों का मन गदगद हो गया।

सब्जी विक्रेता रमेश पटेल, अशोक सोनबेर ने बताया कि रविवार को लौकी 10 से 15 रूपये किलो बिकी। टमाटर 20-25 रूपए किलो रहा। भटा, कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी, डोड़का व मूली 30 रूपये किलो बिकी। गाजर, कुंदरू, करेला, भिंडी, कोचई, ललाभाजी, चौलाई 40 रूपये किलो रहा। बरबटी, मिर्च 50 में बिकी। गोभी, शिमला, परवल, ग्वारफल्ली, सेमी, पालक व प्याजभाजी 60 रूपये किलो बिकी। मेथी भाजी, ढेंस, मुनगा 100 रूपये किलो बिका। तोरई 80 रूपये में बिकी। हरा धनिया, खेखसी 150 रूपये किलो रहा। बिंस 200 रूपये किलो बिका



### तोरई 80 से 100 रुपये किलो बिकी

पितृ पक्ष में पितरों को तर्पण देने तोरई की सब्जी और उसके पत्ते का महत्व है। स्नान के समय तोरई के पत्तों से तर्पण दिया जाता है। भोजन में तोरई सब्जी पितरों को भाती है। ऐसी मान्यता है कि वे तोरई की सब्जी ग्रहण करते हैं, उन्हें तृप्ति मिलती है। प्रायः हिन्दुओं के घरों में पितृ पक्ष में पूरे 15 दिन तोरई की सब्जी बनती है इसलिए बाजार में रेट दोगुना हो गया है। 40 में बिकने वाली तोरई रविवार को 80 से 100 रूपये किलो हो गई थी। इसके बाद भी लोगों ने खरीदी।

### आलू प्याज 25-25 रुपए किलो बिका

बाजार में पिछले दो तीन माह से आलू प्याज के दाम 25 रूपये हैं। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। त्योहारी सीजन में दाल का रेट भी कम है। वर्तमान में राहर दाल 90-100, मूंगदाल 100, उड़द दाल 100, मसूर दाल 90, चना देशी 75, काबुली 80-100, मटर सफेद 60, हरा मटर 110, चना दाल 90, मसूर खड़ा 80, पोहा 46 रूपये किलो बिका। वहीं शक्कर 48, गुड़ 55, हल्दी खड़ी 180-220, मिर्च खड़ी 170-250, धनिया खड़ा 120, जीरा 250, काली मिर्च 820, लहसुन 90-100, रिफाइंड तेल 125 रूपये पाउच, सरसों 75, मेथी 80 रूपये किलो बिका। अंडा 75 रूपये दर्जन रहा।

# शिक्षक गणेश को मिला मुख्यमंत्री गौरव सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षक दिवस पर सामुदायिक भवन में व्याख्याता डॉ. गणेश प्रसाद साहू रासेयो कार्यक्रम अधिकारी व स्काउट मास्टर को प्रमाण-पत्र व श्रीफल प्रदान कर उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। वे निरन्तर विद्यालय के विकास व बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के लिए विभिन्न गतिविधियों से अपना योगदान देते हैं। अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सांसद रुपकुमारी चौधरी, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल व जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षक टीकमचंद को मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

- सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हर साल 5 सितंबर को जब पूरा देश शिक्षक दिवस के जश्न में डूबा होता है, तो सबकी निगाहें एक बेहद खास मौके पर टिकी होती हैं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह पर ये सम्मान है जो उन टीचर्स को दिए जाते हैं, जिन्होंने सिर्फ बच्चों को किताबी ज्ञान नहीं दिया, बल्कि उनके जीवन को संवारा है, उन्हें सही रास्ता दिखाया है। कभी खेतों में मेहनत करने वाले किसान परिवार का बेटा टीकमचंद किरण आज देश के सर्वोच्च शिक्षक सम्मान से नवाज़ा गया। वे धमतरी के लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षक हैं।

शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया। टीकमचंद किरण का सफर केवल कक्षा या किताबों तक सीमित नहीं है। पिछले 12 वर्षों से उन्होंने कम पढ़े लिखे 1200 से अधिक युवाओं को सुरक्षा गार्ड के रूप में प्रशिक्षित किया और उनके लिए बेहतर रोजगार के रास्ते खोले। टीकमचंद किरण ने यह साबित किया है कि कौशल प्रशिक्षण सिर्फ पुरुषों तक सीमित नहीं होना चाहिए। कॉलेज में आयोजित एम्प्लॉयबिलिटी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत उन्होंने 60 महिला युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण दिया। नगर पंचायत आमदी में किसान परिवार में पले-बढ़े टीकमचंद किरण ने अभावों और कठिनाइयों के बीच पढ़ाई पूरी की।

टीकमचंद किरण ने अपने समर्पण और ईमानदारी से न केवल युवाओं की ज़िंदगी संवारी है, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। यह पुरस्कार पूरे धमतरी और छत्तीसगढ़ राज्य की शान है।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा उद्यम से विकास तक कार्यशाला श्रृंखला के अंतर्गत कार्यक्रम हो रहे है। इसका उद्देश्य युवाओं और नवाचार में रुचि रखने वालों को स्टार्टअप्स और व्यवसाय के अवसरों से जोड़ना है।



# समाज तभी मजबूत होगा जब युवा सही दिशा में आगे बढ़ेंगे



- सतनामी समाज की बैठक में युवाओं ने एकता और नशामुक्ति पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सतनामी समाज के युवाओं की बैठक रविवार को धमतरी में आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व समाज के प्रदेश युवा प्रमुख कोमल संभाकर ने किया। इस बैठक में समाज की एकता, अखंडता, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए नशामुक्ति अभियान और आने वाले समय में युवाओं का एक सम्मेलन आयोजित करने पर चर्चा की गई। बैठक में युवाओं ने समाज में नई सोच और सकारात्मक वातावरण निर्मित करने पर जोर दिया। सभी ने संकल्प लिया कि सतनामी समाज के युवा नशा छोड़कर शिक्षा, रोजगार और समाज सेवा की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कोमल संभाकर ने कहा कि आज के समय में युवाओं की सबसे बड़ी ताकत उनकी एकता है। समाज तभी मजबूत होगा जब युवा सही दिशा में आगे बढ़ेंगे। नशा हमारी तरक्की में बाधा है, इसलिए हम सब मिलकर नशामुक्त समाज बनाने का अभियान चलाएंगे। विनोद डिंडोलकर ने कहा कि इस बैठक से युवाओं में नई ऊर्जा आई है। नशामुक्ति अभियान से निश्चित ही युवा पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ेगी। मौके पर नवीन मार्कण्डेय, तारकेश्वर बघेल, किरण जोशी, भानेंद्र कौशिक, लच्छेदर कुर्रे, मनोज खरे, रूपेश बघेल, भूपेंद्र भारती, मनीष टंडन, योगेश मार्कण्डेय, मणिकांत जोशी, कुंदन टंडन, गजेंद्र जांगड़े, राहुल सतनामी, मिहाल सतनामी, अवनेंद्र देशलहरे सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# छात्रों के विकास में शिक्षक की बड़ी भूमिका : ज्योति



- कोलियारी में शिक्षकों, आंबा कार्यकर्ता, मितानिनों का हुआ सम्मान


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत कोलियारी में शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती ज्योति श्यामू सोनकर ने भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर नमन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। एक शिक्षक मोमबत्ती की तरह जलकर बच्चों को एक बेहतर नागरिक बनाने में पूरा प्रयास करता है। छात्रों के विकास में शिक्षकों की बड़ी भूमिका है। श्रीमती परमेश्वरी सोनवानी प्रभारी प्राचार्य का सम्मान सरपंच द्वारा श्रीफल और शाल भेंटकर किया गया। इसी क्रम में शासकीय हाईस्कूल कोलियारी, शासकीय माध्यमिक शाला कोलियारी, शासकीय प्राथमिक शाला कोलियारी एवं नवीन शासकीय प्राथमिक शाला कोलियारी के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं के साथ संकुल केंद्र कोलियारी के संकुल समन्वयक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों का सम्मान किया गया। शिक्षक श्रीमती रेखा पटेल, महेंद्र ध्रुव, रामस्वरूप नाग ने इस आयोजन की सराहना की।

## गोपेश, वासुदेव की प्रतिमा रही अव्वल

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला टेंगना में रजत जयंती के अवसर पर इको फ्रेंडली गणेश प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा मिट्टी से बनाई गई कलात्मक व आकर्षक गणेश प्रतिमाएं उनके सीखने सिखाने के कौशल को व्यक्त कर रही थी। इस प्रदर्शनी में उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। प्राथमिक वर्ग से कक्षा चौथी से गोपेश कश्यप और कक्षा छठवीं से वासुदेव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने बताया कि पर्यावरण को केमिकल युक्तरंग व प्लास्टर ऑफ पेरिस से होने वाले नुकसान से बचाने मिट्टी से गणेश की प्रतिमा व अन्य सामग्री बनाई गई।

# विलुप्तप्राय सोनकुत्ता कैमरे में हुआ कैद



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट में वन विभाग ने विलुप्तप्राय सोनकुत्ता को कैमरे में कैद किया है। रिजर्व फारेस्ट के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि सोनकुत्ता आईयूसीएन की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, क्योंकि इसकी आबादी कम हो रही है। इसकी संख्या में गिरावट का मुख्य कारण निवास स्थान का नुकसान, शिकार व अन्य प्रजातियों के साथ प्रतिस्पर्धा आदि है। उन्होंने बताया कि सोनकुत्ता एक सामाजिक जानवर है। यह बड़े झुंड में रहता है। यह दिन में झुंड में शिकार करता है। बड़े और मध्यम आकार के खुरदार जानवरों को शिकार बनाते हैं।






# राजपूत क्षत्रिय महिला मंडल ने मनाया तीज मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजपूत क्षत्रिय महिला मंडल धमतरी में तीज मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना साहू प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा थीं। अध्यक्षता श्रीमती पुष्पा ठाकुर महिला मंडल अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा ठाकुर सचिव थी। कार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप की पूजा-अर्चना से हुई। महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। रंजना साहू ने महाराणा प्रताप एवं भामाशाह के बारे में विस्तार से बताया। कुर्सी दौड़ में शामिल महिला एवं बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन श्रीमती ममता ठाकुर ने व रागिनी ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

## शिक्षकों ने खेला आकर्षक गेम्स, किया रैम्प वॉक



**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में शिक्षक दिवस मनाया गया। कक्षा दसवीं की छात्रा रोहिणी वर्मा एवं डिम्पल तारक ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सभी शिक्षकों को बच्चों ने गिफ्ट प्रदान किया। शिक्षिका लीला साहू ने बच्चों को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी के बारे में बताया। वर्षा देवांगन ने शिक्षक दिवस का महत्व बताया। शिक्षिका प्रियंका यादव ने बताया कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात, शिक्षाविद महान दार्शनिक और आस्थावान एवं हिन्दू विचारक थे। इस दौरान अनेक गेम्स हुए। कार्यक्रम का संचालन रोहिणी वर्मा ने किया। मौके पर मोहन साहू, वीणा साहू, पूर्वी सोनकर, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, दुर्गा देवांगन, सोनाली रजक, छाया तिवारी, फाल्गुनी ढीमर, काजल यादव, भूखीन ध्रुव सहित बच्चे उपस्थित थे।

## जिला सहकारी संघ की वार्षिक आमसभा हुई

**धमतरी।** आनंद उत्सव भवन रायपुर रोड धमतरी में जिला सहकारी संघ की सातवीं वार्षिक आमसभा संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू की अध्यक्षता एवं प्रदीप ठाकुर उपायुक्त सहकारिता धमतरी, बलरामपुरी गोस्वामी नोडल अधिकारी को-ऑपरेटिव बैंक धमतरी परिक्षेत्र, राकेश चंदवानी पार्षद एवं अखिलेश सोनकर सभापति जल विभाग नगर निगम , नरेंद्र साहू पैक्स प्रबंधक संघ प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में हुई। संघ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन का पठन किया गया।





